Official Periodical of Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi

श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी की अधिकृत पत्रिका

SHRI SAI LEELA

श्री साई लीला

* Year 21 * Issue 2 * March-April 2021 * 15/-

* वर्ष २१ * अंक २ * मार्च-अप्रैल २०२१ * १५/-

Hanuman Mandir - Shirdi

On the occasion of GUDHI PADWA

SHREE SAIBABA SANSTHAN TRUST, SHIRDI

Hon'ble Members of Ad-hoc Committee

Sri Srikant Anekar (Chairman)
Principal District & Sessions Judge, Ahmednagar

Sri Kanhuraj Bagate (I.A.S.)
Chief Executive Officer

Sri Bhanudas Palave
Additional Revenue Divisional Commissioner, Nashik

Smt. Geeta Pravin Bankar
Asstt. Charity Commissioner, Ahmednagar

Internet Edition - URL:http://www.shrisaibabasansthan.org

श्री साईं लीला

वर्ष २१ अंक २

सम्पादक : मुख्य कार्यकारी अधिकारी

कार्यकारी सम्पादक : भगवान दातार

SHRI SAI LEELA

Year 21 Issue 2

Editor : Chief Executive Officer

Executive Editor : Bhagwan Datar

अंतरंग

- प्रणिपात : डॉ. सुबोध अग्रवाल ४
- ●●● और मैं चल पड़ा साईं की राह पर : सुरेश चन्द्र ११
- शान्तिदं, मुक्तिदं, कामदं, कारणं – साईंनाथ : विनय घासवाला १४
- साईंनाथ तेरे हज़ारों हाथ... : श्रीमती अरुणा वि. नायक १६
- Shirdi News 25

● Cover & inside pages designed by Don Bosco and Prakash Samant (Mumbai) ● **Computerised Typesetting:** Computer Section, Mumbai Office, Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi ● **Office :** 'Sai Niketan', 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014. E-mail : saidadar@sai.org.in ● **Shirdi Office :** At Post Shirdi - 423 109, Tal. Rahata, Dist. Ahmednagar. Tel. : (02423) 258500 Fax : (02423) 258770 E-mail : 1. saibaba@shrisaibabasansthan.org 2. saibaba@sai.org.in ● **Annual Subscription: Rs.125/-** ● **Subscription for Life : Rs. 2,500/-** ● **Annual Subscription for Foreign Subscribers : Rs.1,000/-** (All the Subscriptions are Inclusive of Postage) ● **General Issue: Rs. 15/-** ● **Shri Sai *Punyatithi* Annual Special Issue : Rs. 25/-** ● Published and printed by the Chief Executive Officer, on behalf of Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi at Sai Niketan, 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014 and at the Ganesh Art Printers, MR Trade Centre, Shop No. 7, Wadiya Park, Ahmednagar - 414 001 respectively. The Editor does not accept responsibility for the views expressed in the articles published. All objections, disputes, differences, claims and proceedings are subject to Mumbai jurisdiction.

प्रणिपात

द्वारकामाई में साईं–चरण,
नानासाहेब हर रोज़ दबाते थे।
गीता–श्लोक भी उसी समय,
धीमे स्वर में गुनगुन गाते थे।
बाबा ने पूछा, तो नाना ने श्लोक का
'संकुल भावार्थ' बताया था।
चाँदोरकर को तब देवा ने,
उसका यथार्थ अर्थ समझाया था।।
मस्जिद में स्वयं साईं ने नाना को,
अर्जुन–सम ज्ञान सिखाया था।
बन कुरुक्षेत्र का दिव्य कृष्ण,
दीप्तियुक्त जीवन–दर्शन दर्शाया था।।

हे साईं! आज दीर्घकाल के उपरान्त आपसे आपकी द्वारकामाई मस्जिद में प्रवेश की अनुमति पाकर मैं धन्य हो गया हूँ। हाँ, देवा! आपकी यह वही पावन द्वारकामाई मस्जिद है जहाँ बैठ कर बरसों पहले आपके एक अनन्य भक्त नानासाहेब चाँदोरकर नित्य प्रति आपकी चरण–सेवा किया करते थे। **श्री साईं सत् चरित, अध्याय ३९**



द्वारकामाई में साईं–चरण, नानासाहेब हर रोज़ दबाते थे।

एक दिन की बात है कि वे चरण–सेवा करते समय



श्रीमद् भगवद् गीता का निम्न श्लोक गुनगुनाने लगे–

तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया।
उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः।।
(४:३४)

हे मेरे जीवनाधार साईं! आपने यह श्लोक सुन कर चाँदोरकर से इसका अर्थ बताने के लिए कहा। चाँदोरकर ने इसका अर्थ इस प्रकार बताया –

नानासाहेब चाँदोरकर

''तत्त्व को जानने वाले ज्ञानी पुरुषों को भली प्रकार दंडवत प्रणाम (साष्टांग नमस्कार) कर, सेवा और निष्कपट भाव से किये गए प्रश्न द्वारा उस ज्ञान को जान! वे ज्ञानी, जिन्हें सद्वस्तु

(ब्रह्म) की प्राप्ति हो चुकी है, तुझे ज्ञान का उपदेश देंगे।''

यद्यपि नानासाहेब चाँदोरकर वेदांत के विद्वान विद्यार्थियों में से एक थे, और उन्होंने अनेक टीकाओं के साथ **श्रीमद् भगवद्गीता** का भी गहन अध्ययन किया था, मगर हे बाबा! आपने नानासाहेब को चेताया कि आप इस प्रकार का संकुल भावार्थ नहीं चाहते। आपने चाँदोरकर से उक्त श्लोक के प्रत्येक शब्द और उसका भाषांतरित उच्चारण करते हुए व्याकरणसम्मत अर्थ समझाने के लिए कहा।

हे तत्त्वदर्शी साईं! अब नाना ने एक-एक शब्द का अर्थ बोलना प्रारम्भ किया। सबसे पहले 'प्रणिपात' शब्द को परिभाषित कर आपको संतुष्ट करने का प्रयास किया। चाँदोरकर ने कहा कि 'प्रणिपात' का अर्थ है – दंडवत प्रणाम अर्थात् साष्टांग नमस्कार। यह सुन कर आपने नाना से प्रश्न किया कि क्या ब्रह्म के तत्त्व को जानने वाले ज्ञानी पुरुषों को मात्र दंडवत प्रणाम अर्थात् साष्टांग नमस्कार करना ही पर्याप्त है? अब नाना ने स्वीकार किया कि वे दंडवत प्रणाम अर्थात् साष्टांग नमस्कार के अतिरिक्त 'प्रणिपात' के किसी दूसरे अर्थ से सर्वथा अनभिज्ञ हैं।

हे ज्ञानावतार साईं! नाना की इस स्वीकारोक्ति से



देखो नाना! ज्ञानियों को केवल साष्टांग नमस्कार करना पर्याप्त नहीं है।

प्रसन्न होकर आपने यों समझाना प्रारम्भ किया –

देखो, नाना! ज्ञानियों को केवल साष्टांग नमस्कार करना पर्याप्त नहीं है। 'प्रणिपात' का अर्थ है 'शरणागति'। हमें सद्गुरु के चरणाम्बुजों में प्रीति रखते हुए उनके प्रति अनन्य भाव से शरणागत होना चाहिए। शरणागत होना चाहिए – तन, मन और धन से।

हे साईं! आपके श्रीमुख से 'प्रणिपात' की उपरोक्त वास्तविक व्याख्या सुन कर मुझे महाराजा जनक की कथा का स्मरण हो आ रहा है, जो निम्न प्रकार है –

एक बार की बात है – राजा जनक ने अपने राज्य में मुनादी करा दी कि वे ब्रह्मज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं। यदि राज्य में कोई भी मंत्रदृष्टा ऋषि, उपदेष्टा आचार्य, पंडित, योगी, महर्षि अथवा साधु-संत हो, तो आकर उन्हें ब्रह्म-दर्शन कराने की अनुकम्पा करें। राजा ने साथ ही यह शर्त भी रख दी कि ब्रह्म-दर्शन मात्र कुछ क्षणों में कराना होगा; और इन क्षणों की व्याख्या इस प्रकार की गई कि जब राजन् अपने घोड़े पर चढ़ने की प्रक्रिया में होंगे, मगर घोड़े पर ठीक तरह से स्थिर होकर बैठ भी न पाये होंगे – इसी मध्य ब्रह्म-दर्शन हो जाना चाहिए। इस तरह ब्रह्मज्ञान करा देने के लिए आया कोई आचार्य यदि अपने प्रयास में असफल हो जाता है, तो राजा जनक भविष्य में उसका मुँह देखना पसंद नहीं करेंगे। महाराज

हे देवा! यह दैवयोग ही था कि महर्षि अष्टावक्र जी उधर से गुज़र रहे थे।



हे साईं! राजा जनक ने हामी भर दी।

की इस कड़ी शर्त को सुन कर उच्च कोटि तक के समस्त विद्वान भयभीत हो गये और उन्होंने इस अग्नि–परीक्षा से न गुज़रना ही उचित समझा।

हे देवा! यह दैवयोग ही था कि महर्षि अष्टावक्र जी उधर से गुज़र रहे थे। उन्होंने विद्वानों से उनके भयभीत होने का कारण पूछा। कारण सुन कर अष्टावक्र जी को हँसी आ गई। वे सीधे महाराजा जनक के दरबार में पहुँचे। विदेहराज को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''हे राजन्! मैं आपको ब्रह्म–दर्शन कराने के लिए तैयार हूँ। मगर, ब्रह्म–दर्शन इतनी सहजता से कर पाना सम्भव नहीं है। आपका राजमहल रज और तम गुणों से दूषित है। हमें ऐसे स्थान पर चल कर जाना होगा, जहाँ का वातावरण शुद्ध सत्त्व की सुगंध से महक रहा हो।'' हे साईं! राजा जनक ने हामी भर दी और दोनों ही राजमहल से निकल कर उस पथ पर चल पड़े, जो सघन वन की ओर जा रहा था। यद्यपि यह परम्परा थी कि महाराज जब भी राजमहल की चारदीवारी से बाहर जाते, शस्त्रों से सुसज्जित शाही सेना भी पीछे–पीछे हो जाती। मगर, राजा ने सेना को साथ न आने के लिए कहते हुए जंगल से बाहर रह कर ही लौटने की प्रतीक्षा करने का आदेश दिया।

हे बाबा! जंगल में प्रवेश करते ही तत्त्वदर्शी अष्टावक्र जी ने राजा जनक से स्पष्ट शब्दों में कहा, ''हे राजन्! मैं आपको ब्रह्म–दर्शन तभी कराऊँगा, जब आप मेरी शर्त मानने के लिए तैयार हो जायेंगे। यद्यपि मैं आपके समक्ष एक तुच्छ मानव हूँ और आप मिथिला नरेश हैं, फिर भी इस समय मुझमें और आपमें गुरु–शिष्य का सम्बन्ध है। आदिकाल से यह परम्परा रही है कि दक्षिणा पाकर ही

''हे गुरुवर! मुझे ब्रह्म–दर्शन की अत्यन्त आवश्यकता है। इसके लिए मैं आपको आपकी मुँहमाँगी दक्षिणा देने के लिए तैयार हूँ!''

गुरु अपने शिष्य को ज्ञान के वास्तविक स्वरूप का दर्शन कराता है। यदि आप मुझे दक्षिणा देने के लिए सहमत हैं, तब मैं आपको अवश्य ही ब्रह्म–दर्शन करा दूँगा।'' राजा जनक ने निःसंकोच उत्तर दिया, ''हे गुरुवर! मुझे ब्रह्म–दर्शन की अत्यन्त आवश्यकता है। इसके लिए मैं आपको आपकी मुँहमाँगी दक्षिणा देने के लिए तैयार हूँ!'' अष्टावक्र जी अत्यन्त हर्षित हो बोले, ''हे विदेहराज, मुझे दंडवत प्रणाम करते हुए तन, मन और धन से अनन्य भाव में लीन हो मेरे शरणागत हो जाओ! यही मेरे द्वारा इच्छित दक्षिणा होगी।'' राजा जनक ने अविलम्ब अपना सम्पूर्ण राजपाट अष्टावक्र जी को सौंप देने का संकल्प लेते हुए कहा, ''ठीक है! मैं आपके चरणाम्बुजों में प्रीति रखते हुए अत्यन्त श्रद्धापूर्वक अपना तन, मन और धन आपको दक्षिणा–स्वरूप भेंट करता हूँ। इसी समय से अपने तन, मन और धन पर मेरा कोई अधिकार नहीं रह गया है। मेरा सर्वस्व अब आपका हो गया है।''

हे सद्गुरु साईं! अब राजा जनक के गुरु ने उन्हें घोड़े से उतर कर जंगल से गुज़रने वाली सड़क पर बैठ जाने का आदेश दिया। जनक तो सड़क पर बैठ गये, मगर

प्रधानमंत्री एवं अन्य जनों के सम्बोधन पर आँखें बंद किये बैठे राजा ने कोई ध्यान न दिया।

अष्टावक्र जी घने जंगल में जाकर एक वृक्ष के नीचे बैठ कर ध्यानमग्न हो गये। इसी तरह अनेकों दिन बीत गये। जंगल के बाहर खड़ी शाही सेना राजा जनक के लौटने की प्रतीक्षा करती रही। गुरु और शिष्य दोनों में से कोई भी तो नहीं लौटा। अन्ततः सेना ने जंगल में प्रवेश कर ही दिया... और शीघ्र पाया कि राजा जनक सड़क के बीचों-बीच आँखें बंद किये बैठे हैं। वे हिल-डुल भी नहीं रहे हैं। तब सैनिकों को लगा कि अवश्य ही अष्टावक्र जी ने राजा पर कुछ जादू कर दिया है। इसी कारण राजा अचेतन अवस्था को प्राप्त हो गये हैं। अष्टावक्र जी को वहाँ न पाकर सैनिकों का संदेह विश्वास में बदल गया। वे दौड़े-दौड़े राजमहल गये और शीघ्र ही प्रधानमंत्री को बुला लाये। आते ही प्रधानमंत्री ने अत्यन्त अधीरता से आवाज़ लगाई.... ''हे राजन्! हे राजन्!! हे राजन्!!!'' मगर, न तो राजा ने आँखें ही खोलीं, और न ही हिले-डुले। अब प्रधानमंत्री ने भयभीत होकर महारानी से जंगल में आने के लिए विनती की। महारानी ने आते ही यों पुकार लगाई... ''हे स्वामिन्! हे स्वामिन्!! हे स्वामिन्!!!'' राजा की स्थिति में कोई परिवर्तन न आया; वे अभी भी आँखें बंद किये निर्जीव अवस्था में यथावत् बैठे रहे।

हे साईं! इसी बीच शाही सेना अष्टावक्र जी को खोजती उसी स्थान पर आ गई, जहाँ वे वृक्ष के तले बैठे थे। सैनिक उन्हें पकड़ कर राजा के पास ले आये। आते ही अष्टावक्र जी ने राजा को आदेश दिया, ''हे राजन्, तुम्हें लेने के लिए महारानी, प्रधानमंत्री, अन्य सभासद और सैनिक आये हुए हैं। तुम उनकी आवाज़ पर क्यों नहीं उठ खड़े हुए! अब तुम अपनी आँखें खोलो और उठ जाओ!''

महारानी ने आते ही यों आवाज़ लगाई, ''हे स्वामिन्!...'' मगर, राजा की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आया।

राजा जनक ने तुरन्त ही आँखें खोल दीं और अष्टावक्र जी को साष्टांग प्रणाम करते हुए कहा, ''स्वामी!'' अष्टावक्र जी ने प्रश्न किया, ''हे राजन्! तुमने महारानी, प्रधानमंत्री और अन्य सभी के सम्बोधनों का उत्तर क्यों नहीं दिया?'' राजा जनक ने अत्यन्त नम्रतापूर्वक ये प्रतिवचन कहे, ''हे गुरुवर! कर्म और वचन का सीधा सम्बन्ध तन, मन और धन से है और जब मैंने अपना तन, मन और धन

अष्टावक्र जी के आवाज़ लगाने पर राजा जनक ने तुरन्त आँखें खोल दीं और उठ खड़े हुए।



हे साईं! विदेहराज ने जैसे ही अपना एक पाँव रकाब पर रख कर दूसरा पाँव...

आपको दक्षिणा–स्वरूप भेंट कर दिया था, तब उन पर मेरा अधिकार नहीं रह गया था। यह तन, मन और धन तो अब मात्र आपकी वाणी द्वारा निकलने वाले आदेश का अनुपालन करने योग्य रह गया है।''

हे बाबा! अब अष्टावक्र जी ने गद्गद होकर कहा, ''हे राजन्! अब आप ब्रह्म–दर्शन करने के लिए सुयोग्य पात्र बन गये हैं।'' पास ही में खड़े शाही घोड़े की ओर इशारा करते हुए अष्टावक्र जी ने राजा जनक से निवेदन किया, ''हे राजन्, अब आप घोड़े की पीठ की एक ओर लटकी रकाब पर पैर रखिए।'' हे साईं! विदेहराज ने जैसे ही अपना एक पाँव रकाब पर रख कर दूसरा पाँव घोड़े की पीठ पर फैलाते हुए दूसरी ओर की रकाब पर रखा भी न था कि उन्हें ब्रह्म–दर्शन हो गया –

बोले थे शिर्डीश्वर नाना से,
यह तो 'प्रणिपात' नहीं कहलायेगा
मात्र साष्टांग नमस्कार से क्या कभी किसी को,
ब्रह्मज्ञान मिल पायेगा।
केवल दंडवत प्रणाम से नहीं कदापि,
बहमज्ञान उपलब्ध हो पाता है
अपितु, तन–मन–धन अर्पण कर ही,
मनुष्य सचमुच में ब्रह्मज्ञानी बन पाता है।
सम्पूर्ण समर्पण से जनक,
जंगल अष्टावक्र जी के जब साथ गये
खरे उतर गुरु–परीक्षा में,
क्षण भर में ब्रह्मज्ञान विदेहराज तब पा गये।

हे साईं! एक दिन की बात है कि चहुँ दिशाओं में गूँजती आपकी कीर्ति का स्वर उस धनाढ्य के कानों में भी पड़ा...

हे बाबा! जनक–कथा के विपरीत एक अन्य निम्न घटना आपके द्वारा प्रतिपादित 'प्रणिपात' शब्द की स्पष्ट व्याख्या एवं पुष्टि करती है।

मैं **श्री साईं सत् चरित** के **अध्याय १६–१७** में वर्णित दृश्य देख रहा हूँ। एक बार की बात है – एक अत्यन्त धनाढ्य व्यक्ति ने इसी आपकी द्वारकामाई–मस्जिद में प्रवेश करते ही आपको दंडवत प्रणाम (साष्टांग नमस्कार) किया था। वह धनी अपने जीवन में सब प्रकार से सम्पन्न था। उसकी अतुल सम्पत्ति के तो कहने ही क्या! क्या नहीं था उसके पास! घोड़े इतने कि गिनती ही नहीं हो सकती थी। उसकी भूमि को नापने का सामर्थ्य किसमें! असंख्य दास और दासियाँ! सभी को तो सेठ जी की सेवा करने का अवसर मिल भी नहीं पाता था।

हे साईं! एक दिन की बात है कि चहुँ दिशाओं में गूँजती आपकी कीर्ति का स्वर उस धनाढ्य के कानों में भी पड़ा और उसके हृदय में एक अभिलाषा जाग्रत हो उठी। उसने अपने एक मित्र के सम्मुख अपनी यह चाह यों व्यक्त की – ''मेरे लिए अब किसी वस्तु की इच्छा शेष नहीं

रह गई। शेष रह गई है तो मात्र यह मुराद कि शिर्डी जाकर श्री साईं बाबा से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर लूँ। यदि मुझे अपने ध्येय में सफलता प्राप्त हो गई, तो मैं विश्व का सर्वाधिक सुखी व्यक्ति हो जाऊँगा।''

हे बाबा! उसका मित्र ज्ञानी था और उसे ज्ञात था कि ब्रह्मज्ञान विश्व की अति श्रेष्ठ वस्तु है, जिसकी प्राप्ति सहज नहीं है। वह उस धनाढ्य के चरित्र एवं व्यवहार से भली–भाँति परिचित था। उसे इस तथ्य का भी ज्ञान था कि वह धनी मोहग्रस्त है और सदैव अपनी स्त्री, सन्तान और द्रव्योपार्जन में ही लिप्त रहता है। अतः उसने परामर्श युक्त शब्दों में कहा, ''तुम्हारी ब्रह्मज्ञान की आकांक्षा की पूर्ति सम्भव नहीं होगी; क्योंकि तुमने तो भूल कर भी कभी एक फूटी कौड़ी तक का भी दान नहीं दिया।''

हे शिर्डीश्वर! अपने मित्र की सलाह को अनसुनी कर वह धनी शिर्डी के लिए रवाना हो गया।

हे बाबा! यह निर्विवाद सत्य है कि शिर्डी एक महान तीर्थ–स्थल है, जहाँ भक्तगण हज़ारों कि.मी. की यात्रा तय करके आपके दर्शनार्थ आते हैं और तनिक भी थकावट का अनुभव नहीं करते। आपके दर्शन करते ही भक्त की प्रसन्नता का पारावार नहीं रहता। उसका शरीर उल्लसित हो जाता है। क्षुधा और तृषा की सुधि जाती रहती है। जिस क्षण से उसे आपके भवविनाशक चरणों का स्पर्श होता है, उसके जीवन में एक नूतन आनंद प्रवाहित होने लगता है। भक्त सदैव के लिए आपका ऋणी हो जाता है। शिर्डी पहुँच कर भक्त का मन करता है कि सदैव के लिए वहीं बसेरा बना लें।

मस्जिद में प्रवेश करते ही वह धनी आपके श्री–चरणों पर गिरा तो अवश्य, मगर कितनी थकान हो रही थी उसे, कितने कष्ट का अनुभव कर रहा था वह बेचारा – शिर्डी यात्रा के कारण।

हाँ बाबा, हाँ! शिर्डी यात्रा की एक विशेषता यह है कि वहाँ पहुँच कर आपकी आज्ञा के बिना कोई भी शिर्डी से प्रस्थान नहीं करता। मगर यहाँ सबसे विस्मयकारी बात तो यह थी कि वह ब्रह्मज्ञान पिपासु अपने लौटने का कार्यक्रम पहले से ही बना कर लाया था। जिस ताँगे में बैठ कर वह शिर्डी आया था, वही ताँगा मस्जिद के बाहर अभी भी खड़ा था उसे शीघ्रातिशीघ्र वापस उसके घर ले जाने के लिए। लगता था, जितना भी हो सके कम से कम समय के लिए ही वह शिर्डी में रुकना चाहता था; क्योंकि उसका मन तो अपनी पत्नी, सन्तान और सम्पत्ति में केंद्रित था। आपसे ब्रह्मज्ञान प्राप्ति के पश्चात् दूसरा ताँगा ढूँढने तक में व्यर्थ ही समय गँवाना नहीं चाहता था वह!

हे साईं! मस्जिद में प्रवेश करते ही उसने कितनी हाय–तौबा मचा दी थी – ''बाबा... बाबा... बाबा... आप यहाँ आने वाले समस्त लोगों को अल्प समय में ही



ब्रह्म–दर्शन करा देते हैं। केवल यही सुन कर मैं बहुत दूर से इतना मार्ग चल कर आया हूँ। मैं इस यात्रा से अधिक थक गया हूँ। यदि कहीं मुझे ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति हो जायें, तो मैं यह कष्ट उठाना अधिक सफल और सार्थक समझूँगा।

ब्रह्म–दर्शन के इस आकांक्षी की प्रार्थना सुन कर, हे ब्रह्माण्डनायक! आपके मुखमण्डल पर रक्तिम आभा जगमगाने लगी थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो अरुणोदय के समय बाल–रवि क्षितिज पर उदित हो रहा हो! आपको लग रहा था कि वह क्षण आपके लिए बहुत धन्य और शुभ है; क्योंकि भौतिक पदार्थों की अभिलाषा से आपके पास आने वाले लोगों का कदापि कोई अभाव

न था; परन्तु आध्यात्मिक जिज्ञासुओं के आगमन का क्षण तो बहुत ही दुर्लभ होता। आपको लगा कि वह आगन्तुक तो निःसंदेह विरला ही है, जो आपसे ब्रह्मज्ञान देने के लिए ज़ोर दे रहा है।

अतः आपने उसे सान्त्वना देते हुए कहा, ''मेरे प्रिय मित्र! इतने अधीर न होओ। मैं तुम्हें शीघ्र ही ब्रह्म–दर्शन करा दूँगा।''

हे बाबा! निःसंदेह आपका आध्यात्मिक भण्डार भरपूर है, और आप अपने प्रत्येक भक्त को उसकी इच्छानुसार इस ख़ज़ाने में से गाड़ी भर कर बहुमूल्य रत्न ले जाने की बड़ी सहजता से अनुमति प्रदान कर देते हैं। आवश्यकता है तो बस इस बात की कि पात्र योग्यता–प्रमाण की कसौटी पर खरा उतरे।

हे साईं! आपकी पद्धति अद्वितीय और अपूर्व है। आपने उस धनाढ्य की योग्यता को परखने के लिए एक सजीव अभिनय किया। आपने अपने पास खड़े एक बालक को आवाज़ लगाई और पड़ोस में ही अपने एक भक्त के घर भेज कर वहाँ से पाँच रुपये लाने के लिए कहा। बालक खाली हाथ लौट आया; क्योंकि आपका भक्त अपने घर पर नहीं था। आपके द्वारा अब उसी बालक को क्रमशः दूसरे और तीसरे भक्त के घर भेजा गया। मगर, सभी के घर पर ताला लगा था।

हे साईं! अभी आपके इस नाटक का समापन हो भी नहीं पाया था कि इस धनाढ्य की प्रतीक्षा का धैर्य–बाँध टूटने लगा और उसने अत्यन्त अधीर हो आपसे अविलम्ब ब्रह्म–दर्शन करा देने की अपनी प्रार्थना दोहराई।

ब्रह्मज्ञान हेतु लालायित इस धनी व्यक्ति की ली गई परीक्षा का परीक्षा–फल आपने उसके सम्मुख यों घोषित किया...

''सेठ जी! ब्रह्मज्ञान, जो विश्व की अति श्रेष्ठ वस्तु है, उसकी प्राप्ति के लिए तुम मेरे पास आये हो। यदि तुम सचमुच मुझे अपना गुरु मान कर अपना तन, मन और धन मुझे दक्षिणा–स्वरूप भेंट में दे देते, तो तुम्हारी अभिलाषा की पूर्ति में तनिक भी विलम्ब न होता। तन और मन देने की बात तो दूर! तुम तो पाँच रुपये भी न दे सके। तुमने तो अपने तन, मन और धन का केवल सन्तान और ऐश्वर्य के सम्मुख समर्पण कर दिया है।''

हाँ बाबा, हाँ! आपका मूल्यांकन नितान्त सटीक था –

धन–धान्य–समृद्धि,
उस दौलतमंद पे ये सब कुछ था।
था दान–पुण्य से दूर मगर,
फिर भी ब्रह्मज्ञान का इच्छुक था।।
मित्र ने समझाया था,
तुमसे लोभी को ब्रह्म–दर्शन पाना अति दुर्लभ है।
धनाढ्य ने सोचा, साईं को बस प्रणिपात कर
इसका अर्जन अटूट सुलभ है।।
नाटक रच बाबा ने उसका इम्तिहान लिया,
पर वो खरा उतर नहीं पाया था।
तब शिर्डीश्वर ने कृपण धनिक को,
यों ही घर बैरंग वापस लौटाया था।।
तब पर भी उसको घर जाते–जाते,
कृपालु ईश ने उपदेश दिया था।
ब्रह्मज्ञान प्राप्ति के उस आकांक्षी को,
पात्रता का सार संक्षेप किया था।।

हे वैराग्य की प्रत्यक्ष मूर्ति और अनन्य शरणागत भक्तों के आश्रयदाता साईं! मैं तन, मन और धन आपको अर्पण करते हुए प्रणिपात करता हूँ। स्वीकार कीजिए!

– डॉ. सुबोध अग्रवाल
'शिर्डी साईं धाम',
२९, तिलक रोड, देहरादून – २४८ ००१, उत्तराखण्ड.
संचार ध्वनि : (०)९८९७२०२८१०
ई–मेल : subodhagarwal27@gmail.com

●●● और मैं चल पड़ा साईं की राह पर

श्री साईं बाबा ने अहंकार से सदैव दूर रह कर मानव को सच्ची राह दिखाई। वे कभी भी वाद-विवाद और मतभेद में नहीं पड़ते थे। उनका दृढ़ विश्वास था कि जब तक मनुष्य के हृदय से काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार नष्ट नहीं हो जाते, तब तक ज्ञान व आत्मानुभूति सम्भव नहीं है। अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु व विवाद की जड़ है। व्यक्ति जब यह अनुभव करने लगता है कि वह किसी गुण-विशेष या अन्य किसी कार्य विशेष में दूसरे से आगे है तथा उसके समान अन्य कोई नहीं है, तब वह अहंकार का शिकार हो जाता है। अहंकार से बुद्धि भ्रमित होती है और ज्ञान शक्ति भी नष्ट हो जाती है। अहंकार से व्यक्ति के जीवन में अनेक बुराइयाँ आ जाती हैं और वह दूसरों को तुच्छ समझ कर उनसे नफ़रत करने लगता है, जिसकी वजह से उसका यश घटते जाता है।

अहंकार हमेशा पतन का मुख्य कारण होता है, एवं अहंकारी व्यक्ति सदैव अशांत, असंतुष्ट और दुखी रहता है। व्यक्ति यदि यह देखें कि उसके समान व उससे अधिक गुणी, वैभवशाली, विद्वान, शक्तिमान व धनी अनेक व्यक्ति समाज में हैं, तो उसके अहंकार में कमी आयेगी और उसका यश भी बढ़ते जायेगा। वास्तविकता यह है कि यदि अहंकार को खत्म कर दिया जाये, तो विवाद स्वतः समाप्त हो जाता है। इसलिए अहंकार का त्याग सदैव हितकर होता है। कर्म, विद्या, शील और उत्तम जीवन से मनुष्य पवित्र होते हैं, न कि गोत्र एवं धन से। मनुष्य को सत्य स्वरूप को प्राप्त करने के लिए अहंकार को सद्गुरु के श्री-चरणों में अर्पित करना चाहिए।

श्री साईं बाबा को संस्कृत सहित अनेक भाषाओं का पूरा ज्ञान था, और वेद-पुराण, कुरान सहित अन्य धार्मिक ग्रन्थ उन्हें पूरी तरह कंठस्थ थे। उन्होंने ब्रह्म होते हुए भी भिक्षुक के रूप में अपना जीवन बिता कर मनुष्य को अपना अहंकार छोड़ने की अद्वितीय शिक्षा दी तथा विश्व में रह कर उसे किस प्रकार सामाजिक व्यवहार करना चाहिए, यह भी सिखाया।

श्री साईं बाबा के पास ऐसे बड़े-बड़े अधिकारी, अधिवक्ता, चिकित्सक, विद्वान पुरुष, व्यापारी, धनवान सेठ, कुलीन ब्राह्मण, साधु-संत और अन्य ज्ञानी-ध्यानी भी आते थे, जो उन्हें मुस्लिम फ़क़ीर समझते थे। वे यह सोच कर शिर्डी आते थे कि न तो उनको प्रणाम करेंगे और न ही दक्षिणा अर्पित करेंगे। लेकिन, जब वे बाबा को एक दृष्टि से निहारते थे, तो उनमें अपने इष्टदेव के दर्शन पाते थे। तब वे अपने अभिमान को त्याग कर न केवल उनके श्री-चरणों में पूर्ण रूप से समर्पित हो जाते थे, बल्कि अपनी स्वयं की इच्छा से उन्हें दक्षिणा भी अर्पित करते थे।

श्री साईं बाबा अपने जीवन काल में ही नहीं, बल्कि आज भी यदि मनुष्य के मन में उनके प्रति ऐसे कोई विचार आते हैं, तो वे उसके अज्ञान को समाप्त करके अपने श्री-चरणों में सदा के लिए नत-मस्तक कर देते हैं। इस सम्बन्ध में, अपना स्वयं का उल्लेख भी करना चाहूँगा कि श्री साईं बाबा ने अपने श्री-चरणों में किस प्रकार नत-मस्तक करवा कर मेरे ऊपर अनुकम्पा की।...

मुझसे मेरी पत्नी ने लोदी रोड़, नई दिल्ली स्थित श्री साईं बाबा के मंदिर में दर्शन करने के लिए कई बार अनुरोध किया। लेकिन, चूँकि मेरा मूर्ति पूजा में कोई विश्वास नहीं था, इसलिए मैं हर बार श्री साईं बाबा मंदिर में जाने के लिए मना कर देता था। लेकिन, उसके बार-बार अनुरोध करने पर जनवरी, २००६ में एक दिन बृहस्पतिवार

को उसके साथ लोदी रोड़, नई दिल्ली स्थित साईं मंदिर गया। उस समय मेरी पत्नी ने पुष्पों की माला अर्पण कर बाबा के दर्शन किये। चूँकि, उन दिनों मैं नास्तिक था, इसलिए मैं बाबा के दर्शन करने के लिए उनकी प्रतिमा के पास तक नहीं गया और मंदिर के मुख्य दरवाज़े के पास स्थित चबूतरे पर बैठ गया। मैं वहाँ लगभग आधा घंटा रहा और इस बीच मेरे मन में यही विचार आया कि ये सब कुछ व्यर्थ की चीज़े हैं तथा कहीं भी भगवान् नहीं है।

इसके कुछ दिनों के पश्चात् नवयुग स्कूल, लोदी कालोनी, नई दिल्ली के पास रात्रि में साईं सन्ध्या हो रही थी। मैं और मेरी पत्नी टहलने के लिए निकले हुए थे। मेरी पत्नी ने मुझसे फिर कहा कि बाबा का जागरण हो रहा है, वहाँ बैठ कर बाबा के भजन सुनते हैं। मेरे मन में पुनः वही पूर्व विचार आया कि यह सब कुछ बेकार है और कहीं कोई भगवान् नहीं है। लेकिन, उसके कहने पर मैं श्री साईं बाबा के जागरण में बैठा और वहाँ हम लगभग दो–ढ़ाई घंटे तक रहे। मैंने वहाँ बाबा के भजनों का बड़े ध्यान से श्रवण किया तथा कुछ समय ध्यान भी लगाया। मुझे वहाँ पहली बार अनुभूति हुई कि वास्तव में अन्य कहीं कोई

भगवान् है या नहीं, लेकिन श्री साईं बाबा ज़रूर है।

श्री साईं बाबा के जागरण के ३ दिनों के बाद २६ जनवरी, २००६ को अवकाश था और वार था बृहस्पति का। उससे एक दिन पहले अचानक ही मेरे हृदय में लोदी रोड़, नई दिल्ली स्थित श्री साईं बाबा मंदिर में श्री साईं के दर्शन करने की इच्छा प्रथम बार जागृत हुई तथा मैंने अपनी पत्नी से स्वयं कहा कि कल बृहस्पतिवार का दिन है और अवकाश भी है, बाबा के दर्शन करने के लिए लोदी रोड़ मंदिर जायेंगे। मैं उस दिन अपनी पत्नी और परिवार के साथ श्रद्धापूर्वक सच्ची निष्ठा से बाबा के मंदिर में दर्शन हेतु गया। उस दिन मैंने जैसे ही श्री साईं बाबा की प्रतिमा को अपने जीवन में प्रथम बार तहे दिल से देखा, तो मेरे नेत्रों से प्रसन्नता के आँसू स्वतः प्रवाहित होने लगे और बाबा ने मुझे अपने श्री-चरणों के सन्निकट बहुत ज़बरदस्त रोमांच (कंपन) देकर झकझोर दिया। मुझे उस समय जो आनंद आया, उसका मैं बयान भी नहीं कर सकता। मैं उन क्षणों को आज तक नहीं भूल पाया हूँ। आज भी श्री साईं बाबा अपने पवित्र तीर्थ धाम शिर्डी में ही नहीं, बल्कि अन्य कहीं भी ऐसे पावन स्थल, जहाँ उनकी प्रतिमा विराजमान है, वे इसी तरह रोमांच देकर भावविभोर कर देते हैं। उस दिन बाबा के दर्शनोपरांत जो भी राशि मेरे पास थी, उसमें से कुछ राशि बाबा के चरणों में अर्पित कर दी थी और बाकि बची राशि से बाबा की तस्वीरें खरीद कर प्रसन्नता के साथ घर के लिए प्रस्थान किया था।

२६ जनवरी, २००६ से ही मैंने और मेरी पत्नी ने घर में श्री साईं बाबा की नियमित रूप से पूजा-अर्चना प्रारम्भ की तथा मैंने श्री साईं सत् चरित के एक अध्याय का पठन भी प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में शामिल किया। बाबा ने अपनी भक्ति में उत्तरोत्तर वृद्धि कराते हुए मुझे अपने श्री-चरणों में स्थान दिया है तथा यह मेरे ऊपर उनकी अपार अनुकम्पा हुई है कि आज जब खाली होता हूँ या निद्रा से उठता हूँ, तो अंदर ही अंदर साईं नाम जप स्वतः चलता रहता है।

मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि श्री साईं बाबा के श्री-चरणों में आने के पश्चात् मुझे पुनर्जन्म प्राप्त होकर मेरे जीवन में एक नया बदलाव आया है तथा आज यदि मैं पूरी तरह सुख, शांति एवं आनंद में हूँ तो वह उन्हीं के आशीर्वाद से हूँ। मेरा पूरा परिवार श्री साईं बाबा का ऋणी है।

मेरा अपना अनुभव है कि भक्तिहीन व ईश्वर में विश्वास न करने वाले व्यक्तियों को सद्गुरु श्री साईंनाथ महाराज के श्री-चरणों में पहुँचने पर ईश्वर के प्रति सच्ची भक्ति प्राप्त होती है और यह मालूम होता है कि मानव जीवन क्या है तथा इस जीवन को कैसे सफल एवं सार्थक बनाना चाहिए? मनुष्य को मायायुक्त संसार को पार करने के लिए सद्गुरु श्री साईंनाथ महाराज को सच्ची निष्ठा से अपने हृदय में धारण करना चाहिए। जैसी जिसकी भक्ति होती है, वैसा ही निरंतर अनुभव भी प्राप्त होता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए उसे अपने चित्त में जरा सा भी संदेह नहीं रखना चाहिए और भक्ति भाव को दृढ़ता के साथ चित्त में धारण करके सच्चे हृदय से सद्गुरु श्री साईंनाथ महाराज का नियमित रूप से पूजन व उनके नाम का सुमिरन करके उनके अनुभवों को प्राप्त करना चाहिए।

मैं अपने स्वयं के अनुभव के आधार पर पूर्ण विश्वास व दृढता के साथ यह कह सकता हूँ कि कोई भी श्रद्धालु सच्ची निष्ठा से श्री साईंनाथ महाराज के नाम का सुमिरन, उनकी कीर्ति का गुणगान तथा कथाओं का पठन एवं श्रवण करके सृष्टि के वास्तविक दर्शन कर अपने सांसारिक जीवन को सरलता से सफल बना सकता है।

– सुरेश चन्द्र
२०/२९, लोदी कालोनी,
नई दिल्ली - ११० ००३.
ई-मेल : **sureshchandra1962@gmail.com**
दूरभाष : (०११)२४६४००४६
संचार ध्वनि : (०)९८१८६३९००२

○○○

शान्तिदं, मुक्तिदं, कामदं, कारणं – साईंनाथ

मेरे प्यारे, साईं भक्ति के दिवाने, सभी भक्त जनों को तहे दिल से प्रणाम! उपर्युक्त विषय पर विस्तृत निरूपण करें, उससे पहले बाबा का कार्यकलाप एवं साईं भक्तों का बाबा के प्रति अनुराग और बाबा का भक्तों के प्रति बेशुमार प्रेम की झाँकी कर लें।

दत्तात्रेय के अवतार शिर्डीपति भगवान् साईंनाथ को तो हम हमारे घर–मंदिर में देखतें हैं, उनकी पूजा–अर्चना करते हैं। उनका सुमिरन करते हैं। या फिर, जब हम शिर्डी जातें हैं, तब राजाधिराज श्री साईंनाथ को फूल–हार अर्पण करते हैं। अभिषेक करते हैं। पर, क्या आपने कभी महसूस किया है कि हमारे भक्तवत्सल साईं का दिन प्रात:काल चार बजे आरम्भ होता है, जबकि उस वक़्त संसार के अधिकांश लोग मीठी गहरी नींद का अनुभव कर रहे होते हैं। बाबा की दिनचर्या दिन भर बैठे–बैठे रात लगभग साड़े दस बजे, शेजारती तक चलती रहती है। पूरे दिन हज़ारों लोग बाबा के दर्शन पाकर कृतार्थता का अनुभव करते हैं। एक पल के लिए अपने घर–मंदिर या शिर्डी में विराजित साईं की ओर देखो! उनके चेहरे पर बदलते रहते भाव को देखो!! कभी धीर–गम्भीर, कभी मंद–मंद मुस्कुराते, कभी थकान महसूस करते हुए हमारे बाबा!!! तीज–त्योहार के समय मंदिर निरंतर खुला रहता है। किन्तु, साईं ने अपने द्वार पर आये बंदे को कभी भी खाली हाथ नहीं लौटाया। उसकी हर मुराद पूर्ण की है। कहने को तो साईं एक है, मगर उनके रूप अनेक हैं। समाधि मंदिर में आख़िरी छोर पर खड़े अपने नाचीझ बंदे पर भी श्री साईं की नज़र जाती है। बाबा बोलते नहीं, मगर किसी के भी हाल से बेख़बर नहीं हैं। उनकी करुणामयी आँखें करुणा रूपी प्यार का सागर छलकाती रहती हैं।

अपने घर से अनेक सवालात, मायूसियाँ लेकर आता हुआ बंदा बाबा को जब अपना हाले–दिल सुनाता है, तब ख़ामोश बैठे साईं सबकुछ जान लेते हैं। साईं के आगे झुका हुआ सिर और जोड़े हुए हाथ कमाल कर जाते हैं। जब वह बंदा घर वापस आता है, तब बेबसी, बेकसी के घने बादल छट गये होते हैं। पतझड़ जैसे उसके जीवन में फिर से बहार आयी होती है। जीवन का मंज़र बदला–बदला नज़र आता है। साईं की इस अनोखी लीला देख कर बंदा यही अनुभव करता है –

''जब से पकड़े चरण साईं के,
मन–बुद्धि को छोड़ दिया।
ख़ुद को करके उसके अर्पण,
अपनी ख़ुदी को छोड़ दिया।।''

बाबा हर हाल में हमारे साथ हैं। लेकिन, साथ–साथ यह भी सच है कि बाबा अहंकारी, गलत काम करने वाले से हमेशा यही कहते हैं – **''सदा सावधान रहो! तुम कहीं भी रहो, जो जी चाहे करो, मगर याद रखो, मैं तुम्हारे प्रत्येक पल का हिसाब रखता हूँ। रात के अँधेरे में ऐसा कोई काम ना करो, जिसे सुबह की पहली किरण बर्दाश्त ना कर सके।''**

इसलिए उचित यही है कि हम किसी भी गुनाह से बचके रहें। ख़ता करने वाले को सज़ा भी ज़रूर मिलेगी। भक्तिमय जीवन को जीने वाले हर बंदे को बाबा उबार लेंगे। जैसा कि हमने देखा है, साईं बाबा अनाचरण करने वाले पर गुस्सा हो जाते थे। इतना ध्यान रहे कि बाबा की एक आँख शोला है, तो दूसरी आँख शबनम भी है।

प्रिय भक्तों! जैसा शीर्षक में मैंने बताया है – **शान्तिदं – मुक्तिदं – कामदं – कारणं** – बाबा में ये चारों गुण समाये हैं। आइये, हम शुरुआत करते हैं –

कारणं से। जब–जब धर्म की हानि होती है, तब धर्म की रक्षा के लिए और साधु जनों के परित्राण के लिए भगवान् भूतल पर अवतीर्ण होते हैं।

सत्रहवीं शताब्दी (१६०८ – १६८१) में संत रामदास प्रकट हुए और उन्होंने यवनों से गायों और ब्राह्मणों की रक्षा करने का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। परन्तु, दो शताब्दियों के बीत जाने के बाद हिंदू और मुसलमानों में वैमनस्य बढ़ गया और इसे दूर करने के लिए ही **श्री साईं बाबा प्रकट हुए।**

उनका सभी के लिए यही उपदेश था कि राम और रहीम एक ही हैं। उनमें ज़रा सा भी भेद नहीं है। फिर, तुम उनके बंदों! क्यों अलग–अलग होकर आपस में झगड़ते हो? दोनों एकता साध कर मिलजुलकर रहो! इस प्रकार एकता का ध्येय प्राप्त करो!! कलह और विवाद व्यर्थ है। इसलिए ना झगड़ो और ना परस्पर प्राणघातक बनो। सदैव अपने हित और कल्याण का विचार करो! राम जी तुम्हारी

निःसंदेह रक्षा करेंगे। यदि तुम किसी तरह सफल साधक नहीं बन सकते, तो तुम्हारा जीना व्यर्थ है। यदि कोई शुभ कार्य करने की इच्छा है, तो हमेशा दूसरों की भलाई करो! बाबा तो प्रेम और वात्सल्य की जीती–जागती मिसाल हैं। आज साईं समाधि मंदिर में जाति–पाँति के भेदभाव को भूल कर हर मज़हब के लोग आते हैं। बाबा की जीवन पर्यंत सेवा करने वाले अब्दुल बाबा एकता का प्रतीक हैं।

बाबा का दूसरा अविचल स्वरूप यानि कि **शान्तिदं**। बाबा ने त्रिविध तापों से तपते लोगों पर सदैव अपना ममताभरा आँचल फैलाया है। बाबा ने इस भवसागर पर विजय प्राप्त कर ली थी। शांति उनका अनमोल गहना था। अनित्य वस्तु का आकर्षण उन्हें छुआ भी नहीं था। मान–अपमान की उन्हें किंचित् मात्र भी चिंता न थी। दक्षिणमुख बैठ कर जलती धूनी में शांति से लकड़ियाँ डालते रहते थे। **''अल्लाह मालिक''** सदैव उनके होंठो पर रहता था। उनका अंतःकरण प्रशांत महासागर की तरह शांत था। बाबा बहुत कम बोलते थे। उनके दर्शनमात्र से मन को परम शांति का अनुभव होता था। इसका एक मात्र उदाहरण ही काफ़ी है।

नासिक ज़िले के वणी गाँव में काका जी वैद्य रहते थे। वे श्री सप्तश्रृंगी माता के प्रमुख पुजारी थे। एक बार वे कुछ संकटों में ऐसे उलझ गये कि उनके चित्त की शांति भंग हो गई और वे बिल्कुल हताश हो उठे। व्यथित होकर उन्होंने माता को गुहार लगाई। माता ने प्रसन्न होकर काका जी को बताया कि तू बाबा के पास जा! वहाँ तेरा मन शांत हो जायेगा। बाबा का परिचय पाने के लिए उत्सुक काका जी की निद्रा भंग हो गई। उन्होंने यह सोचा कि यह कौन से बाबा हैं। हो सकता है कि वे त्र्यंबकेश्वर बाबा हो। वे त्र्यंबक गये। थोड़े दिन वहीं पर ठहरे। रुद्रमंत्र का जाप एवं अभिषेक भी किया। परन्तु, उनका मन पहले की तरह अशांत रहा। घर वापस आये। करुण स्वर में देवी की पुनः स्तुति की। दयार्द्र माता ने कहा कि बाबा से मेरा अभिप्राय शिर्डी के साईं समर्थ से था। काका जी के मन में प्रश्न उठा कि शिर्डी कैसे जायें? जब काका जी शिर्डी यात्रा का विचार कर रहे थे, तब अपनी भूली एक प्रतिज्ञा को पूर्ण करने शामा वणी आये। जब काका जी को ज्ञात हुआ कि शामा शिर्डी से आये हैं, तब वे प्रेमोन्मत हो, उन्हें गले मिले। बाद में काका जी शामा के साथ शिर्डी गये। काका जी मस्जिद पहुँच कर बाबा के श्री–चरणों से लिपट गये। उनकी आँखें भर आईं। उनका मन शांत हो गया। काका जी सोचने लगे कि कैसी अद्भुत शक्ति! बिना कोई संभाषण, बिना कोई प्रश्नोत्तर दर्शनमात्र से प्रसन्नता का अनुभव! उनकी तृषित आँखें साईं–चरणों में स्थिर हो गईं। वे अपने मुँह से एक शब्द भी ना बोल सके। वे पूर्णतः बाबा के शरणागत हो गये। बाबा को एक बार देख लेना ही जीवन की सार्थकता है। कुछ मत कहो; बस्, देखते रहो भोले साईं को।

बाबा की एक और विलक्षणता – **मुक्तिदं**। बाबा मोक्ष का द्वार हैं। बाबा ने अपने अवतार काल में अनेक लोगों को मुक्ति–दान दिया है। बाबा ने एक मद्रासी सन्यासी विजयानंद को मोक्ष प्रदान किया। मानसरोवर जाने की इच्छा थी, मगर राह में आने वाली बाधाओं को जान कर अपनी यात्रा स्थगित कर सन्यासी विजयानंद शिर्डी आये। बाबा पहले तो क्रोधित हुए। परन्तु, वहाँ की गतिविधियाँ देख कर सन्यासी शिर्डी में रह गया। अपनी माता की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, ऐसा पत्र पाकर वह बाबा के पास गया। बाबा को पत्र दिखाया। बाबा ने कहा कि सन्यासी को ऐसा मोह शोभा नहीं देता। त्रिकालदर्शी बाबा को उसकी मृत्यु निकट आई दिखाई दी। बाबा ने उसे 'रामविजय' पढ़ने की आज्ञा दी। लेंडी बाग में बैठ कर सन्यासी ने पाठ प्रारम्भ कर दिया। दूसरी बार पठन समाप्त होने पर वह थक गया। वाड़े में आकर दो दिन ठहरा और तीसरे दिन बड़े बाबा की गोद में उसने देह त्याग दिया। बाबा ने इस प्रकार सन्यासी की सहायता कर उसे मुक्ति प्रदान की।

बालाराम मानकर बाबा के परम भक्त थे। मन में उठते संकल्प–विकल्प से दूर होने के लिए बाबा ने बारह रुपये देकर उन्हें ज़िला सातारा स्थित मच्छिंद्रगढ़ भेजा। बाबा ने मानकर को प्राकृतावस्था में दर्शन देकर कहा कि शिर्डी में तुम मुझे देखते हो, उसी तरह यहाँ तुम्हारे सामने मैं हूँ; उसमें कोई भिन्नता नहीं है। मानकर की पत्नी का देहांत हो चुका था। इसलिए एक बार वे अपने घर गये। फिर शिर्डी लौट आये। वे भाग्यशाली रहे कि अन्ततः उन्होंने बाबा के सामने उनका आशीर्वाद पाकर मुक्ति पा ली।

ऐसे ही परम भक्त तात्यासाहेब नूलकर थे। पहले पहल तात्यासाहेब संतों में अविश्वास रखते थे। नानासाहेब उनके घनिष्ठ मित्र थे। उनके आग्रह करने पर वे बाबा के

(पृष्ठ ३४ पर)

साईंनाथ तेरे हज़ारों हाथ...

सारी दुनिया में कोरोना ने विष बरसाया...
तुम अमृत बरसा दो साईं बाबा, मेरे साईं बाबा!

आज पूरा देश मौत की कगार पर खड़ा है, कोरोना के भयावह काले बादल सिर पर मंडरा रहे हैं। देश में लॉकडाऊन के कारण उसकी गतिशीलता थम गई। श्री गुलजार जी के शब्दों में ''बेवजह घर से निकलने की ज़रूरत क्या है?

सबको मालूम है, बाहर की हवा है क़ातिल
यूँही क़ातिल से उलझने की ज़रूरत क्या है?
ज़िंदगी एक क़ीमत है, उसे सम्भालकर रखो
क़ब्रगाहों को सजाने की ज़रूरत क्या है?
दिल बहलाने के लिए घर में वजह है काफ़ी
यूँही गलियों में भटकने की ज़रूरत क्या है?

सबकुछ बंद होने से लगता था कि पूरा जहाँ सो गया है, सारे रास्ते, सारी पगडंडियाँ मानो सो गई हैं! कोरोना की वजह से आलीशान बंगलों में रहने वाला रईस तथा पैदल सैंकड़ों मील चलने वाला मज़दूर दोनों आज एक ही स्तर पर हैं। सारे धार्मिक स्थल बंद होने की वजह से लाखों लोगों को भगवान् के दर्शन दुर्लभ होने लगे।

पर, मजे की बात यह है कि श्री साईं बाबा मंदिर में रहते हुए भी संकट में पड़े भक्तों का संकट दूर करने के लिए दौड़ पड़े। उन्होंने अपने हज़ारो हाथों से काम करने के लिए विविध रूप धारण किये।

श्री साईं सत् चरित के अध्याय १ में हम पढ़ते हैं कि बाबा के अवतार काल में महामारी से शिर्डी गाँव को बचाने के लिए बाबा ने स्वयं चक्की में आटा पीस कर वह आटा गाँव की सीमा रेखा पर डलवाया और संक्रमण होने से महामारी को रोक दिया। वैसे ही कोरोना के कारण सभी राज्यों की सीमा रेखाएँ सील कर दी गईं।

श्री साईं सत् चरित के अध्याय ७ में हम पढ़ते हैं... लगभग सन् १९१० की बात है। बाबा दीपावली के शुभ अवसर पर धूनी के समीप बैठे उसमें लकड़ियाँ डाल कर अग्नि ताप रहे थे। धूनी आग उगल रही थी। यकायक ही उन्होंने धूनी में लकड़ियाँ डालना बंद कर अपना हाथ उसमें डाल दिया। हाथ बुरी तरह से झुलस गया। नौकर माधव और माधवराव देशपांडे मस्जिद में उपस्थित थे। बाबा को धूनी में हाथ डालते देख कर वे तुरंत दौड़ कर आये और उन्होंने बाबा को बलपूर्वक पीछे खींच लिया। माधवराव ने बाबा से पूछा, ''देवा! आपने ऐसा क्यों किया?'' बाबा ने सावधान होते हुए बताया... ''यहाँ से कुछ दूरी पर एक लुहारिन अपने पति की आवाज़ सुन कर उसकी ओर दौड़ पड़ी। वह भूल गई की उसकी कमर पर उसकी बच्ची बैठी हुई है। पति के निर्देश पर वह भट्टी धौंकने लगी। उसका ध्यान भट्टी धौंकने में था। अचानक नटखट बच्ची फिसल

कर भट्टी में गिरने ही वाली थी, मैंने तुरंत भट्टी में हाथ डाल कर उस बच्ची के प्राण बचा लिये। मुझे अपना हाथ जल जाने का कोई दुख नहीं है, परंतु मुझे संतोष है कि एक मासूम बच्ची के प्राण बच गये।''

इसी तरह श्री साईं सत् चरित के अध्याय ३३ में हम पढ़ते हैं कि बाबा ने नानासाहेब चाँदोरकर की प्रार्थना सुन कर उनकी मदद कैसे की।... लगभग सन् १९०४-०५ में घटित यह घटना है। ठाणे के सेवानिवृत्त बालासाहेब देव ने नानासाहेब चाँदोरकर के पुत्र बापूसाहेब चाँदोरकर और शिर्डी के रामगीर बुवा से इस संबंध में पूरी जानकारी हासिल की। वह उन्होंने श्री साईं बाबा संस्थान, शिर्डी द्वारा प्रकाशित श्री साईं लीला पत्रिका में गद्य और पद्य रचना में प्रकाशित की। बी. वी. नरसिंह स्वामी ने भी उनकी किताब 'भक्तों के अनुभव' में नानासाहेब की पुत्री मैनाताई, बापूसाहेब चाँदोरकर और रामगीर बुवा के कथन प्रकाशित किये हैं। उनमें से उस अवसर पर मध्यस्थ बने रामगीर बुवा का कथन इस प्रकार है...

''एक दिन बाबा ने मुझे अपने समीप बुला कर एक उदी की पुड़िया और आरती की प्रतिलिपि देकर आज्ञा दी कि 'जामनेर जाओ और यह आरती तथा उदी नानासाहेब को दे दो!' मैंने बाबा को बताया कि मेरे पास केवल दो रुपये ही हैं, जो कि कोपरगाँव से जलगाँव जाने और फिर वहाँ से बैलगाड़ी द्वारा जामनेर जाने के लिए अपर्याप्त हैं। बाबा ने कहा, 'अल्ला देगा।' दिन शुक्रवार का था। मैं शीघ्र ही रवाना हो गया। मैं सायंकाल ६.३० बजे मनमाड और रात २ बज कर ४५ मिनट पर जलगाँव पहुँचा। उस समय प्लेग निवारक आदेश जारी थे, जिससे मुझे असुविधा हुई और मैं सोच रहा था कि जामनेर कैसे पहुँचूँ। रात ३ बजे एक चपरासी आया, जो पैर में बूट पहने, सिर पर पगड़ी बाँधे और अन्य पोशाक परिधान किये हुए था। उसने मुझे ताँगे में बिठा लिया और ताँगा चल पड़ा। मैं उस समय भयभीत सा हो रहा था। मार्ग में हमने जलपान किया। जब प्रात:काल जामनेर पहुँचे, तब मैं लघुशंका करने गया। जब मैं लौट कर आया, तब देखा कि वहाँ कुछ भी नहीं है; ताँगा और ताँगे वाला अदृश्य हैं।''

रामगीर बुवा अचरज में पड़ गये। वे समीप ही कचहरी में पूछताछ करने गये। वहाँ उन्हें पता चला कि इस समय मामलतदार नानासाहेब चाँदोरकर घर पर ही हैं। वे नानासाहेब के घर गये और उन्हें बतलाया कि वे शिर्डी से बाबा की आरती और उदी लेकर आये हैं। उस समय नानासाहेब की पुत्री मैनाताई की स्थिति बहुत ही गम्भीर थी और सभी को उसकी चिंता लगी हुई थी। नानासाहेब ने अपनी पत्नी को बुलवा लिया और उदी को जल में मिला कर अपनी लड़की को पिला देने और आरती करने को कहा। उन्होंने सोचा कि बाबा की सहायता बड़ी सामायिक है। थोड़ी देर में ही समाचार प्राप्त हुआ कि प्रसव कुशलतापूर्वक होकर समस्त पीड़ा दूर हो गई है। जब रामगीर बुवा ने नानासाहेब को चपरासी, ताँगा तथा जलपान आदि रेल्वे स्टेशन पर भेजने के लिए धन्यवाद दिया, तो नानासाहेब को यह सुन कर महान् आश्चर्य

हुआ, और वे कहने लगे कि उन्होंने न तो कोई ताँगा, न चपरासी, ना ही जलपान भेजा था, और न ही उन्हें शिर्डी से इस बारे में कोई पूर्वसूचना मिली थी।

कुछ ऐसी ही घटना कोरोना काल में हमें देखने को मिली। एक महिला अपने घर में अकेली थी। लॉकडाऊन की वजह से उसका पति बाहर गाँव अटक गया था। अचानक उस महिला को प्रसव वेदना शुरू हुई। उसने पुलिस से मदद माँगी। पुलिस ने तुरंत उसकी सहायता की; उस महिला के घर जाकर उसे अस्पताल पहुँचाया; और महिला व उसके बच्चे की जान बच गई।

श्री साईं सत् चरित के अध्याय ८ में श्री साईं बाबा की भिक्षावृत्ति के बारे में लिखा हुआ है।...

बाबा ने, भिक्षा में मिला कोई भी पदार्थ स्वादिष्ट है या नहीं, इस ओर कभी ध्यान ही नहीं दिया, मानो उनकी जिह्वा में स्वाद बोध ही न हो! वे केवल मध्यान्ह तक ही भिक्षा-उपार्जन करते थे। यह कार्य बहुत अनियमित था। किसी दिन तो वे छोटी सी फेरी ही लगाते तथा किसी दिन बारह बजे तक। वे एकत्रित भोजन एक कुंडी में डाल

